DIGITAL – EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 191 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 02 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सड़क हादसा: नवजात सहित चार की मौत

### मां की भी उपचार के दौरान मौत,नए साल की खुशियां मातम में बदलीं






**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

नए साल के पहले दिन गुरुवार को भीलवाड़ा-लाडपुरा मेगा हाईवे पर बीगोद कस्बे के पास यश पावन तीर्थ धाम के सामने हुए भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार डंपर और इको कार की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में नवजात शिशु सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक तीन वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल है।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि गुरुवार सुबह बीगोद से भीलवाड़ा की ओर जा रहा तेज रफ्तार डंपर सामने से बीगोद की ओर आ रही इको कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि इको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार कारोई निवासी मासा नारायण (30) पुत्र बरदू धोबी तथा उसका आठ माह का भांजा कुशवंत पुत्र भागचंद धोबी की



भानुप्रताप

मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक भानु प्रताप सिंह (22) पुत्र भंवर सिंह और मेजा निवासी घणिया पत्नी भागचंद धोबी (26) तथा उनकी तीन वर्षीय पुत्री मनु गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल बीगोद सामुदायिक चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। उपचार के दौरान चालक भानु प्रताप सिंह ने भी दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल



नारायण

घणिया धोबी को बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे में अब केवल तीन वर्षीय बालिका मनु ही जीवित है, जिसका उपचार जारी है। हादसे के बाद मेगा हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया तथा दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करवाया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण ओवरटेक करना बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार घणिया धोबी अहमदाबाद में रहती थीं और नए साल पर अपने गांव आई हुई थीं। वे भीलवाड़ा से अपने जीजा नारायण के साथ बच्चों को लेकर पीहर मांडलगढ़ जा रही थीं, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। लगातार हो रहे सड़क हादसों से आक्रोशित बीगोद कस्बेवासियों ने यश पावन धाम क्षेत्र के पास भीलवाड़ा-लाडपुरा मेगा हाईवे पर स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की मांग तेज कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते गति नियंत्रण के उपाय किए गए होते तो कई जानें बचाई जा सकती थीं। कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के भीतर स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए तो पूरा कस्बा बंद रखा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## गर्लफ्रेंड ने किया ब्लॉक, बॉयफ्रेंड ने खुद पर चला दी गोली

### सुसाइड की नाकाम कोशिश, फर्जी फायरिंग की कहानी गढ़ी; सख्ती में टूटा युवक, अवैध कट्टा व कारतूस बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ झुंझुनूं/सूरजगढ़।**

प्रेम संबंधों में आई दरार ने एक युवक को इस कदर मानसिक तनाव में धकेल दिया कि उसने आत्महत्या की कोशिश कर डाली। गर्लफ्रेंड द्वारा बातचीत बंद कर नंबर ब्लॉक किए जाने से आहत युवक ने अवैध देशी कट्टे से खुद को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन कट्टा हाथ में ही फट गया। दर्द से कराहते युवक ने अपनी जान बचाने और सच्चाई छिपाने के लिए पुलिस को गुमराह करने की साजिश रची और अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग की झूठी कहानी गढ़ दी। हालांकि, पुलिस की सख्ती के आगे आखिरकार सच्चाई सामने आ ही गई।

मामला सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के काकोड़ा गांव का है, जहां घटना के बाद पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी रणजीत सिंह सेवदा ने बताया कि काकोड़ा निवासी अजय बावरिया उर्फ दीपू (23) के घायल होने की सूचना मिली थी। युवक ने दावा किया था कि दो नकाबपोश हमलावरों ने





उस पर फायरिंग की और फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को उसका बायां हाथ खून से लथपथ मिला, लेकिन घटनास्थल और चोट के निशानों में विरोधाभास नजर आया।

प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लगने के बावजूद घायल युवक को एम्बुलेंस से सूरजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो अजय टूट गया और पूरी सच्चाई उगल दी। पूछताछ में उसने बताया कि करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए मध्य प्रदेश की एक युवती से उसकी दोस्ती हुई थी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। हाल के दिनों में युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी और नंबर ब्लॉक कर दिया, जिससे वह गहरे डिप्रेशन में चला गया।

डिप्रेशन की हालत में अजय ने आत्महत्या करने का फैसला किया और अपने घर में अवैध देशी कट्टे को लोड करने लगा। इसी दौरान ट्रिगर दब गया और गोली सीधे उसके बाएं हाथ में जा लगी। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे तो अजय ने तुरंत कहानी बदल दी। उसने कहा कि दो अज्ञात युवक घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला कर गए हैं। पुलिस को भ्रमित करने के लिए उसने हरियाणा में रहने वाले अपने चचेरे भाइयों पर भी शक जताया। पुलिस के अनुसार, गोली लगने के बावजूद आरोपी ने सबूत मिटाने की पूरी कोशिश की। उसने कट्टे को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर घर के पास स्थित ट्यूबवेल पर बिजली के स्टार्टर के नीचे छिपा दिया। लेकिन पुलिस की गहन जांच और पूछताछ में उसकी कहानी टिक नहीं पाई। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए।फिलहाल पुलिस ने युवक को आत्महत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## चावंडिया चौराहे पर वन विभाग की कार्रवाई, कोयले से भरा मिनी ट्रक जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती चावंडिया चौराहे पर बुधवार रात्रि को वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए कोयले से भरा एक मिनी ट्रक जब्त किया। यह कार्रवाई संदेह के आधार पर की गई, जिसमें वाहन के दस्तावेजों में अनियमितता पाई गई।

कार्यवाहक वनपाल वन विभाग कमलेश रैगर ने बताया कि नेशनल हाईवे 758 पर चावंडिया चौराहे स्थित एक होटल के बाहर खड़े हिमाचल प्रदेश पासिंग मिनी ट्रक की तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रक में कोयला भरा हुआ पाया गया। चालक से पूछताछ करने पर उसने मोबाइल फोन पर डीपी के माध्यम से दस्तावेज दिखाए, लेकिन जांच में डीपी में अंकित मार्ग निर्धारित मार्ग के अनुरूप नहीं होकर गलत पाया गया।

इस पर सवाईपुर चौकी पुलिस को सूचना दी गई। बाद में चौकी पर लाकर कार्यवाहक वनपाल कमलेश रैगर एवं काछोला वनपाल राम प्रसाद मीणा ने उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सहायक वन संरक्षक कार्यालय मांडलगढ़ में ट्रक को खड़ा करवाया।

फिलहाल वन विभाग की टीम चालक से पूछताछ कर रही है कि कोयला कहां से लोड किया गया और उसे कहां ले जाया जा रहा था। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनगणना की तैयारी: राजस्थान में प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज, तबादलों पर सवा साल की रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में 1 जनवरी से जनगणना की प्रक्रिया को लेकर सभी प्रशासनिक इकाइयों को फ्रीज कर दिया गया है। अब जनगणना पूरी होने तक नए जिले, उपखंड, तहसील, गांव या वार्ड नहीं बनाए जा सकेंगे और न ही उनकी सीमाओं में कोई बदलाव होगा। यह रोक 2027 में मई-जून तक लागू रहेगी।

इसके साथ ही जनगणना से जुड़े लाखों अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों पर भी अगले करीब सवा साल तक रोक लगा दी गई है। कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, शिक्षक, पटवारी, ग्राम सचिव सहित सभी संबंधित कर्मी इसके दायरे में आएंगे। केवल विशेष परिस्थितियों में ही ट्रांसफर संभव




होंगे।

फरवरी से जनगणना से जुड़े कर्मचारियों की ट्रेनिंग शुरू होगी। जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहले चरण में 15 मई से 15 जून तक घर-घर जाकर मकानों की लिस्टिंग की जाएगी। प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज करना जनगणना की शुद्धता के लिए जरूरी प्रावधान बताया गया है।

## एमडी तस्करी में दो युवक गिरफ्तार, 8.56 ग्राम मादक पदार्थ जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतापनगर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एमडी तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया को 1 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे थाना टीम सर्कल गश्त पर टेक्सटाइल कॉलेज के सामने पांसल चौराहे के पास पहुंची, जहां सड़क पर खड़े दो युवक पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे। संदेह होने पर घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी बलवंत सिंह (25) के कब्जे से चार प्लास्टिक थैलियों में 3.89



ग्राम एमडी तथा आरोपी निर्मल सिंह (20) के कब्जे से 4.67 ग्राम एमडी बरामद हुई। कुल 8.56 ग्राम एमडी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये है, जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ की सप्लाई चेन को लेकर पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

# दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

माण्डल थाना क्षेत्र के धूलखेड़ा ग्राम में दिन के समय सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी गया सोना व नकदी भी बरामद कर ली गई है। यह कार्रवाई थानाधिकारी रोहिताश यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की बीती 22 दिसंबर को पन्नालाल माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वो और उसकी पत्नी दोपहर करीब 12 बजे खेत पर गए थे। शाम को लौटने पर घर के पीछे वाले मुख्य गेट की जाली कटी हुई मिली तथा कमरे की खिड़की खुली थी। अंदर जाकर देखने पर पलंग का सामान बिखरा मिला और उसमें रखे करीब सात तोला सोने के आभूषण रामनवमी, मोती एवं मांडलिया तथा 30 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज



कर जांच शुरू की ।

घटना की जांच के दौरान पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल रहे संदिग्धों से पूछताछ की। जांच में संदेह के आधार पर घनश्याम माली (22) निवासी धूलखेड़ा को डिटेन कर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चोरी गया सोना और 30 हजार रुपये नकद बरामद कर लिए।पुलिस आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

## लाम्बिया स्टेशन रोड पर कार की टक्कर से मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



भीलवाड़ा फोकस @ रायला।

थाना क्षेत्र के लाम्बिया स्टेशन रोड पर बुधवार रात कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इसे हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या बताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, लाम्बिया कलां निवासी रामनारायण (42) पुत्र लादू लाल जाट फॉर्म हाउस से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान महाकाल फैक्ट्री के पास रात करीब 9.30 बजे एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार और एक मोबाइल जब्त किया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## उपखण्ड अधिकारी नेहा राजपूत ने संभाला कार्यभार



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)** नव नियुक्त उपखण्ड अधिकारी नेहा राजपूत ने गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने उपखण्ड कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम नेहा ने कहा कि क्षेत्र में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनहित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुँचाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील रहते हुए पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य प्रणाली अपनाएँ। कार्यभार ग्रहण के दौरान तहसील एवं उपखण्ड कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नव नियुक्त एसडीएम नेहा राजपूत का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

## राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग संपन्न




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा विभाग द्वारा आयोजित प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया तथा प्रशिक्षित बहनों द्वारा प्रात्यक्षिक प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि नीतू ओस्तवाल ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन विचार, वसुधैव कुटुंबकम और पारिवारिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. शंकर माली ने कहा कि स्वयंसेवक व सेविका का भाव स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र सेवा करना है तथा संगठित शक्ति से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

वर्गाधिकारी मनीषा जाजू ने वर्ग की दिनचर्या व गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में नैना सोनी ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन नीलू मालू ने किया।

## नववर्ष पर प्लास्टिक मुक्त भीलवाड़ा का संकल्प, कपड़े के बैग वितरित




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नववर्ष के अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं जवाहर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सांगानेरी गेट चौराहे पर आमजन को बड़ी संख्या में कपड़े के बैग वितरित किए गए। इससे पूर्व यूनेस्को की महिला सदस्यों ने तिलक लगाकर व गुड़ से मुंह मीठा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली ने प्लास्टिक मुक्त भीलवाड़ा का सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि नया साल नया संकल्प अभियान के तहत निःशुल्क कपड़े के बैग वितरण का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष ललित अग्रवाल सहित यूनेस्को व जवाहर फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## सावर प्रीमियर लीग सीजन-5 का हुआ समापन, पावर हिटर्स नापाखेड़ा बना चैंपियन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**(दिलखुश )**। सावर प्रीमियर लीग (एसपीएल) सीजन-5 का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में पावर हिटर्स नापाखेड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4जी कलेक्शन सावर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर से किया गया था, जिसमें कुल छह टीमों ने भाग लिया।



फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर हिटर्स नापाखेड़ा ने 20 ओवर में 168 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी 4जी कलेक्शन सावर की टीम संघर्ष के बावजूद 20 ओवर में 135 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुकेश सिंह को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' एवं 'सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज' का पुरस्कार दिया गया। अरमान को 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' और सरफराज हुसैन को 'सर्वश्रेष्ठ फील्डर' चुना गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम पावर हिटर्स नापाखेड़ा को 21 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम 4जी कलेक्शन सावर को 11 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। आयोजन को सफल बनाने में अधिवक्ता राकेश मीणा, साबिर अली, जुली मालवत, अभिषेक, सुनील, सरफराज एवं हंसराज साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)**। नवगठित ग्राम पंचायत उदलियास मांफी के खेल मैदान में गुरुवार को चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता वीर तेजाजी क्रिकेट क्लब की देखरेख में लगातार पांचवीं बार आयोजित की जा रही है।



प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिलीप सिंह बड़लियास तथा विशिष्ट अतिथि नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और खिलाड़ियों को जीवन में हार-जीत से निराश नहीं होना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुटेपा रमेश शर्मा, कमलेश अमरावत, रोशन वैष्णव, नवल पोरवाल, मदन प्रजापत सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर में गुरुवार शाम सड़क हादसे में लोडिंग ऑटो चालक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार रिलायंस मॉल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसा प्रताप नगर थाना क्षेत्र में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने



पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल ऑटो चालक की पहचान पप्पू शर्मा (36) पुत्र भोलू राम शर्मा, निवासी आजाद नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क पार करते समय कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक घायल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** नेशनल हाईवे 758 पर कुड़ी चौराहे के पास कानावतों का खेड़ा क्षेत्र में सड़क पार कर रहे स्कूटी सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार विष्णु सिंह (50), पिता सबरूप सिंह, निवासी कानावतों का खेड़ा (नोहरा) गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल के सिर में चोट आई है तथा पैर में फ्रैक्चर हुआ है। दुर्घटना में



स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद कार चालक वाहन को तेज रफ्तार से लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना संबंधित पुलिस को दे दी गई है, मामले की जांच जारी है।



QUICK BITES

## खाद की कमी से भड़के किसान, जीएसएस पर हंगामा, पुलिस बुलानी पड़ी

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।




जीएसएस बाकरा में गुरुवार को खाद की गाड़ी पहुंचने के बावजूद आवश्यकता के अनुरूप यूरिया नहीं आने से हालात बिगड़ गए। समिति द्वारा 1000 कट्टों की मांग किए जाने के बावजूद केवल 300 कट्टे ही पहुंचे। खाद लेने के लिए करीब 800 किसान जीएसएस पर जमा हो गए, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण आधे से अधिक किसानों को बिना खाद लौटना पड़ा।

खाद वितरण के दौरान सहायक कृषि अधिकारी अमित जागेटिया एवं कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीना द्वारा किसानों को लाइन में लगाकर पर्चियां वितरित की जा रही थीं। करीब एक घंटे बाद किसानों में असंतोष बढ़ गया और हंगामा शुरू हो गया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा और करीब डेढ़ घंटे तक जीएसएस के ताले लगाने पड़े।

सूचना पर पहुंचे हेड कांस्टेबल सियाराम मीना एवं कॉन्स्टेबल जगदीश मीना ने किसानों को समझाइश कर स्थिति संभाली, जिसके बाद पुनः खाद वितरण शुरू किया गया।

## एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव, 108 स्टाफ की तत्परता से बची मां-बच्चे की जान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी।** उप जिला अस्पताल से भीलवाड़ा के लिए जा रही एक महिला का रास्ते में सफल प्रसव कराया गया है । जानकारी के अनुसार प्रसव के लिए कृष्णा कुमारी पत्नी महेंद्र को रेफर किया गया था। मरीज को 108 एम्बुलेंस से ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में मांडलगढ़ के पास महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एम्बुलेंस को सड़क किनारे रोकना पड़ा। इस दौरान ईएमटी विश्वजीत सिंह ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। प्रसव सफल रहा, जिसमें महिला और नवजात शिशु दोनों पूर्णतः सुरक्षित रहे।

प्रसव के बाद मां और बच्चे को तत्काल मांडलगढ़ उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस दौरान पायलट आसिफ का भी सराहनीय सहयोग रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जिला अभिभाषक संस्था की नई कार्यकारिणी का कार्यालय प्रवेश, गुरु वंदन कर लिया आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला अभिभाषक संस्था की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने गुरुवार को विधिवत रूप से कार्यालय प्रवेश किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ गुरु वंदन कर आशीर्वाद लिया और संस्था के कार्यभार को संभाला।

कार्यालय प्रवेश से पूर्व नव निर्वाचित अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने वरिष्ठ अधिवक्ता गणपत सिंह राणावत का गुरु वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद संस्था कार्यकारिणी कार्यालय में श्रुति शर्मा द्वारा तिलक लगाकर एवं नेहा वाल्मीकि द्वारा गुड़ से मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।



पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ने प्रदोष काल के अभिजीत मुहूर्त में नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को विधिवत कार्यालय प्रवेश करवाया तथा संस्था की हिसाब डायरी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज सुपुर्द किए।

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने कहा कि कार्यकारिणी अधिवक्ता हितों के लिए सदैव प्रयासरत रहेगी। न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने एवं पार्किंग से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा, साथ ही न्यायालय परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चुनाव से पूर्व अधिवक्ताओं से किए गए सभी वादों को सामूहिक प्रयासों से पूरा करने का संकल्प लिया गया है।

पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे वर्तमान कार्यकारिणी के साथ संस्था हित में कार्य करते हुए विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग और सहभागिता निभाते रहेंगे। कार्यालय प्रवेश के दौरान पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कचौलिया, हेमेंद्र शर्मा, दुर्गेश शर्मा, श्याम सिंह चुंडावत, रमेशचंद शर्मा, राघवेंद्रनाथ व्यास, पीरू सिंह गौड़, रणवीर सिंह चुंडावत, पंकज पंचोली, नरेंद्र सिंह मोटरास, भेरूलाल बापना, मुकुंद सिंह पंवार, ओमप्रकाश तेली, राकेश नुवाल, फारुख मोहम्मद, रतन चंदेल, गजेंद्र सिंह कानावत, सौरभ पारीक, रमेशचंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, सिकंदर पठान, अनीश खान, विजय शर्मा, ललिता शर्मा, सीमा शर्मा, ओमप्रकाश सोनी, नवरतन जोशी, ओमप्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की धरती शाहपुराः 2026 बनेगा फैसलों और भविष्य का वर्ष

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी**

वह धरती, जिसने देश में सबसे पहले उत्तरदायी शासन की नींव रखकर लोकतंत्र का प्रहरी बनने का गौरव पाया-वही शाहपुरा आज वर्ष 2026 में नए संकल्पों, नई अपेक्षाओं और नई ऊर्जा के साथ प्रवेश कर चुका है। मेवाड़ के समकक्ष रही शाहपुरा रियासत भले ही आज़ादी के दशकों बाद भी जिला बनने का सपना पूरा न कर सकी हो, लेकिन अपने गौरवशाली अतीत से सीख लेकर उसने कभी झुकना नहीं सीखा। 2026 शाहपुरा के लिए केवल एक नया वर्ष नहीं, बल्कि दिशा और निर्णय का वर्ष है।

### चुनावी वर्ष, लोकतंत्र की नई परीक्षा

वर्ष 2026 शाहपुरा के लिए चुनावी दृष्टि से भी बेहद अहम है। नगर पालिका चुनावों के साथ शाहपुरा पंचायत समिति और नवगठित फुलियाकलां पंचायत समिति के पहले चुनाव होंगे। ग्राम पंचायत चुनाव भी इसी वर्ष होंगे। यह समय लोकतांत्रिक चेतना को नई धार देने और जनभागीदारी को मजबूती प्रदान करने का अवसर बन सकता है।

### संस्कृति और आध्यात्म का उत्सव

सांस्कृतिक रूप से भी 2026 विशेष रहने वाला है। फूलडोल महोत्सव पारंपरिक रंगों के साथ सांस्कृतिक-आध्यात्मिक महाकुंभ का स्वरूप लेगा। वहीं रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक महाप्रभु रामचरणजी महाराज का प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा, जिससे शाहपुरा की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त हो सकती है।

### विकास की उम्मीदें और राजनीतिक अपेक्षाएं

चुनावी वर्ष होने के कारण क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के प्रयासों से राज्य सरकार से नई विकास घोषणाओं की उम्मीद है। साथ ही 2025 में घोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा भी आमजन को है। अब शाहपुरा केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं-उसे ठोस परिणाम चाहिए।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगारः पहली कसौटी

शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थान, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुविधाएं समय की मांग हैं, ताकि युवाओं को पलायन न करना पड़े।

स्वास्थ्य सेवाओं में जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, आईसीयू सुविधा और आधुनिक जांच संसाधन-ये अपेक्षाएं अब प्राथमिकता बन चुकी हैं। 2026 में कागज़ी योजनाएं जमीनी हकीकत बनें, यही जनआकांक्षा है।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती

कृषि शाहपुरा की रीढ़ है। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, फसलों के उचित मूल्य और कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से किसानों की आय बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

### युवा-नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता

स्वरोजगार, लघु उद्योग, स्वयं सहायता समूह और कौशल विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन-यदि यह हुआ, तो 2026 शाहपुरा को आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे ले जाएगा।

### पर्यटन, विरासत और पहचान

धनोप शक्तिपीठ, चलानिया भेरूनाथ और धानेश्वर तीर्थ संगम



का पर्यटन विकास; क्रांतिकारी बारहठ परिवार का पैनोरमा, रामस्नेही संप्रदाय का पैनोरमा, खेल अकादमी और आधुनिक ऑडिटोरियम-ये पुरानी मांगें अब नई उम्मीदों के साथ फिर मुखर हैं। फूलडोल महोत्सव को सरकारी महोत्सव का दर्जा मिलना भी क्षेत्रवासियों की बड़ी अपेक्षा है।

### विश्वास की पुनर्स्थापना का वर्ष

कुल मिलाकर, 2026 शाहपुरा के लिए कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि विश्वास की पुनर्स्थापना का अवसर है। यदि सरकार, जनप्रतिनिधि और नागरिक संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो यह वर्ष शाहपुरा के भविष्य की मजबूत नींव रख सकता है । विकास, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनकर।

# सामायिक आराधना दिवस पर जैन श्वेतांबर सोशल रॉयल ग्रुप का आयोजन, नववर्ष में साधना व अनुशासन का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

नववर्ष के अवसर पर आध्यात्मिक चेतना और आत्मशुद्धि का संदेश देते हुए जैन श्वेतांबर सोशल रॉयल ग्रुप द्वारा पार्श्वनाथ कॉलोनी में सामायिक आराधना दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में हुआ, जिसमें साधना, अनुशासन और सामूहिक आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश सरोज सिसोदिया ने की। ग्रुप के मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दंपति सदस्यों शीला खबिया, जितेन्द्र चोरड़िया एवं दिव्यम मेहता के सम्मान से की गई। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने एक घंटे तक सामूहिक जाप एवं सामायिक



आराधना में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। मांगलिक प्रस्तुति सुधीर खाब्या द्वारा दी गई।

कार्यक्रम का संचालन सचिव नेहा विवेक छाजेड़ ने किया। उन्होंने सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा आगामी वर्ष में मिलने वाली खुशियों की सरप्राइज चिट वितरित की। कोषाध्यक्ष चेतना संदीप चपलोत का विशेष सहयोग रहा। वहीं संस्थापक अध्यक्ष ज्योति विश्वास सांखला ने नववर्ष की आगामी सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इस अवसर पर 40 दंपति सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिन्होंने अनुशासित रूप से एक घंटे की सामायिक आराधना पूर्ण की। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया ने प्रभावना वितरित करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भक्ति और आराधना से हुआ नववर्ष का स्वागत, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**रमेश गुर्जर।** नववर्ष के आगमन पर जहां एक ओर युवाओं ने उमंग और उल्लास के साथ नए साल का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर नगर के देवालयों और जिनालयों में भक्ति की सरिता भी पूरे वेग से बहती नजर आई। नगर के मंदिरों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई और पूरे वातावरण में आध्यात्मिक उल्लास छाया रहा।

नगर के बड़े जैन मंदिर में नववर्ष के अवसर पर सामूहिक अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रावकों द्वारा वर्षभर अभिषेक व शांति धारा के लिए न्योछावर राशि की घोषणाएं की गईं। मंदिर में स्थापित सैकड़ों वर्ष पुरानी जिन प्रतिमाओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। साथ ही भक्तामर स्तोत्र एवं णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ कर विश्व शांति की कामना की गई।

इसी क्रम में पार्श्वनाथ तीर्थ पर भक्ति एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ, जहां भजन गायक सुमित सेठिया की भजनों की मधुर धुनों पर श्रावकों ने भाव-विभोर होकर भक्ति नृत्य किए। सुबह बड़े बाबा की विशाल प्रतिमा की शांतिधारा व अभिषेक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने गगन विहारी पार्श्वनाथ परिसर के दर्शन भी किए। पूरे नगर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा और भक्तों ने भक्ति, आराधना व आत्मिक शांति के साथ नववर्ष का स्वागत किया।

# नवसृजित गांधीनगर पुलिस थाने का हुआ लोकार्पण






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नवसृजित गांधीनगर पुलिस थाना का उद्घाटन समारोह श्री बाबाधाम के सामने स्थित सामुदायिक भवन में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में जिला कलेक्टर जसमित सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, अक्षय सिंह, राकेश पाठक, रामलाल योगी एवं हेमाराम चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया एवं पुलिस टीम ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बाबा धाम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष एडवोकेट लादूलाल तेली, पूर्व सभापति ओम नाराणीवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। गौरतलब है कि कि वर्ष 2012 में पुर थाना स्थापित होने के बाद अब शहर को नया पुलिस थाना प्राप्त हुआ है।

## नववर्ष की शुरुआत बारिश के साथ, मौसम हुआ खुशनुमा



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** नव वर्ष की शुरुआत कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बारिश के साथ हुई। गुरुवार अल सुबह करीब 3:30 बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो सुबह लगभग 8 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कभी हल्की तो कभी मध्यम गति से हुई बारिश से मौसम एक बार फिर खुशनुमा हो गया।


लगातार बारिश के चलते क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई। कस्बे के साथ ही सोपुरा, सालरिया, ढेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चांवड़िया, रेड़वास और कुड़ी सहित कई गांवों में सड़कों पर पानी बहता नजर आया। ठंडी हवाओं और बारिश के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे।

बारिश थमने के बाद सूरज निकल आया, जिससे मौसम साफ हो गया। नववर्ष के पहले दिन हुई इस बारिश ने जहां ठंड बढ़ा दी, वहीं लोगों को सर्द मौसम का अहसास भी कराया।

## नौगांवा में धरती पर उतरा वैकुंठ, क्षीर सागर में शेषशैया पर विराजे सांवरिया सेठ

### रत्नजड़ित पोशाक में दिव्य श्रृंगार, दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, इंदौर की कारीगरी ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





जिले के नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर, नौगांवा में गुरुवार को आध्यात्मिकता और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नववर्ष के अवसर पर मंदिर परिसर मानो साक्षात वैकुंठ में परिवर्तित हो गया, जहां भगवान सांवरिया सेठ ने क्षीर सागर में शेषशैया पर विराजमान होकर भक्तों को दिव्य दर्शन दिए।

अलसुबह मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। मंदिर के गर्भगृह को इस प्रकार सजाया गया कि प्रतीत हो रहा था मानो क्षीर सागर स्वयं हिलोरे ले रहा हो। समुद्र के मध्य शेषनाग की शैया पर भगवान विष्णु के रूप में विराजमान सांवरिया सेठ और उनके चरण दबातीं माता लक्ष्मी की अलौकिक झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर ठाकुरजी का दिव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इंदौर से मंगवाई गई रत्नजड़ित पोशाक, स्वर्ण-रजत मुकुट एवं आभूषणों की भव्य कारीगरी ने प्रभु के तेज को और अधिक निखार दिया। आधुनिक साज-सज्जा और प्राचीन परंपराओं के इस अनूठे संगम को देख हर श्रद्धालु नतमस्तक नजर आया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य नववर्ष की शुरुआत ईश्वरीय आशीर्वाद और सेवा के संकल्प के साथ करना रहा। दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर परिसर से बाहर तक नजर आईं। सत्कार ग्रुप की ओर से प्रसाद वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर ट्रस्ट के सचिव कैलाश डाड, भंवरलाल दरगड, पंडित प्रकाश शर्मा, पंडित दीपक आनंद पाराशर एवं गौशाला व्यवस्थापक अजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा। वहीं, मंदिर में आगामी धार्मिक आयोजनों की कड़ी में जोधपुर के गोवत्स राधा कृष्ण महाराज की भागवत कथा को लेकर 3 जनवरी को प्रतिनिधिमंडल उनसे भेंट कर भीलवाड़ा पधारने का आमंत्रण पत्र सौंपेगा।

## हास्य क्लब ने उल्लास और ठहाकों के साथ मनाई सातवीं वर्षगांठ



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के कुमुद विहार स्थित पीस पार्क, में संचालित हास्य क्लब ने अपनी सातवीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और ठहाकों के बीच मनाई। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने एकत्रित होकर न केवल वर्षगांठ की खुशियां साझा कीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सौहार्द का भी संदेश दिया।

क्लब के सदस्य एवं पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने बताया कि हास्य क्लब के सदस्य प्रतिदिन पीस पार्क में एकत्र होकर हास्य योग, तालियां बजाने के अभ्यास, योग, एक्सरसाइज और आपसी संवाद करते हैं। ये सभी गतिविधियां हास्य और सकारात्मक सोच पर आधारित होती हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ मिलता है।

उन्होंने बताया कि सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी सदस्यों ने मिलकर जमकर ठहाके लगाए और क्लब की निरंतर सफलता पर खुशी जाहिर की। जाजू ने यह भी बताया कि हास्य क्लब में सदस्यों के जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ जैसे अवसरों पर सामूहिक रूप से जलपान का आयोजन किया जाता है, जिससे आपसी स्नेह, सहयोग और अपनत्व की भावना और मजबूत होती है। इस अवसर पर राधेश्याम तोतला, प्रकाश छाबड़ा, प्रभात जैन, अजय लोहिया, सुरेन्द्र डांगी, जगदीश कोगटा, महेश मोदानी, राजकुमार गदिया, निरंजन पाटनी, दीपक करवा, चेतन प्रकाश मुणोत, पुरुषोत्तम दास राठी, संदीप बागड़ा, संदीप तोतला, राजेंद्र सिंघवी, मदनलाल जेठा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## देवेंद्र मेवाड़ा की स्मृति में कल होगा 13वां रक्तदान शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



कस्बे की देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान की ओर से देवेंद्र मेवाड़ा की स्मृति में 3 जनवरी को 13वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

संस्थान के चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि शिविर में अरिहंत ब्लड बैंक भीलवाड़ा की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से अब तक एकत्र रक्त से 2500 से अधिक लोगों की जान बचाई जा चुकी है। संस्थान ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

## QUICK BITES

### संकटमोचन बालाजी गौशाला में आयोजित हुई बैठक, 5 जनवरी को रक्तदान शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



सतकुड़िया चौराहे के पास स्थित श्री संकटमोचन बालाजी गौशाला में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 जनवरी को कस्बा निवासी गौशाला संस्थापक, गौभक्त दीपक गौड़ की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर गौशाला प्रांगण में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

रक्त संग्रहण के लिए भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम को आमंत्रित किया गया है। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे ।

### माण्डलगढ़ में नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस की अनोखी पहल, दारू नहीं-दूध पिएँ का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**



**(पीरू मंसूरी)** नगर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक संदेश देने के उद्देश्य से माण्डलगढ़ पुलिस प्रशासन एवं सीएलजी सदस्यों ने एक सराहनीय पहल की। आमजन में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कस्बे के नारायणी देवी विद्यालय के निकट टेम्पो स्टैंड चौराहे पर वाहन चालकों ओर आमजन को दूध पिलाकर शराब नहीं, दूध पिएँ का संदेश दिया गया। पुलिस की यह अनोखी पहल देख लोगों में चर्चा बनी हैं।

इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने कहा कि नववर्ष का स्वागत शांति, संयम और सद्भाव के साथ होना चाहिए। शराब के सेवन से होने वाली दुर्घटनाओं, झगड़ों और कानून व्यवस्था की समस्याओं को रोकने के लिए यह प्रतीकात्मक कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, युवाओं और वाहन चालकों को दूध पिलाया गया तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने की अपील की गई। कई लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सकारात्मक संदेश समाज में जागरूकता लाने में सहायक होते हैं।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आमजन से सहयोग की अपील की गई है। नववर्ष की शुरुआत स्वस्थ सोच, सुरक्षित व्यवहार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ हो। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, पार्षद अनिता सुराणा, पवनेश उर्फ गुड्डू ओस्तवाल,अशोक जीनगर, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल,जाकिर हुसैन भुट्टो,प्रबुद्धजन, थाना स्टाफ पुलिस के जवान, जनप्रतिनिधियों ने उक्त कार्यक्रम में शिरकत कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### अंडरपासों में जलभराव से जनता त्रस्त, उपभोक्ता अधिकार समिति ने नगर निगम महापौर को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर में अंडरपासों में लगातार हो रहे जलभराव, रखरखाव की अनदेखी और सुरक्षा इंतजामों की कमी को लेकर उपभोक्ता अधिकार समिति ने नगर निगम प्रशासन के समक्ष गंभीर चिंता जताई है। इसी क्रम में समिति के पदाधिकारियों ने महापौर से मुलाकात कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

उपभोक्ता अधिकार समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी, मानवाधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक सोडाणी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना दुबे, अशोक सोमाणी, अंकित सोमानी, राहुल सोमानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने राकेश पाठक से मिलकर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई प्रमुख अंडरपासों में बिना बरसात के ही टूटी हुई नालियों और समुचित निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। समिति ने कहा कि जलभराव के चलते आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। अंडरपासों और फ्लाईओवरों का निर्माण एवं नियमित रखरखाव नगर निगम की जिम्मेदारी है और इस संबंध में माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन में विशेष रूप से सुभाष नगर, गुरुनानक पेट्रोल पंप के पास, अजमेर रोड स्थित पांडु नाले के पास बने अंडरपास सहित अन्य अंडरपासों का उल्लेख करते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की गई। उपभोक्ता अधिकार समिति ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आम जनता को मजबूर होकर आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ सकते हैं। समिति ने नगर निगम से जनहित में त्वरित, ठोस एवं स्थायी समाधान की अपेक्षा की है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।